तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि
रायपुर, मंगलवार, 17 जून 2025

12 शाला प्रवेश उत्सव मनाया, स्कूल की गुणवत्ता...

12 वन भूमि अतिक्रमण पर विभाग की बड़ी कार्रवाई ...


[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]




## खबर संक्षेप



### ग्रामीणों ने की पुल निर्माण की मांग

**दुर्गूकोंदल।** विकासखंड दुर्गूकोंदल ग्राम पंचायत साधुमिचगाव के आश्रित ग्राम गोपालटोला के नाला में पुलिया निर्माण की मांग किया जा रहा है। ग्रामीण चैतूराम कुमेटी, बृजलाल हुर्रा, सुनीतराम आंचला, सुबेसिंह पुडो, कमलेश मंडावी और रमेश कुमेटी ने बताया कि वर्षों से गोपालटोला और भुसकी के बीच नाला में पुल निर्माण की मांग किया जा रहा है। पुल नहीं बनने से बारिश के दिनों में काफी दिक्कत हो रही है वहीं स्कूली बच्चों को आने-जाने में भी परेशानी हो रही है।

### छठवीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी




**कांकेर।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए जिला पर 8, 9 एवं 15 जून को काउंसिलिंग का आयोजन किया गया था। आरक्षण नियमों का पालन करते हुए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन सूची जारी की गई थी, जिसमें आंशिक संशोधित करते हुए चयन एवं प्रतीक्षा सूची तैयार की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि चयनित विद्यार्थियों को 22 से 30 जून तक प्रवेश लेना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि तक प्रवेश नहीं लिए जाने पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों को प्रवेश के लिए अवसर दिया जाएगा।

### स्काउट गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त लेंगे समीक्षा बैठक

**कांकेर।** भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डॉ. सोमनाथ यादव पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग आयोग के बस्तर दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत जिला पंचायत के सभा कक्ष 19 जून सुबह साढ़े 11 बजे अधिकारियों एवं संघ के पदाधिकारी की उपस्थिति में समीक्षा बैठक लेंगे। इस बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष मत्स्य बोर्ड कल्याण बोर्ड भरत मटियारा करेंगे।

### स्वयं की लापरवाही से हुई थी युवक की मौत, अपराध कायम

**कांकेर।** सड़क दुर्घटना में युवक की मौत होने के मामले में कांकेर पुलिस ने मर्ग कामय कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि आरोपी भीरावही निवासी 18 वर्षीय निखिल भगत 26 मार्च को वाहन क्रमांक सीजी 19 बीक्यू 6806 को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया, जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। एक्सीडेंट में आई गंभीर चोट के कारण मौत होने पर पुलिस ने आरोपी चालक निखिल भगत के खिलाफ धारा 281, 106 (1), 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## गड़बड़ी : उड़नदस्ता के प्रभारी अचानक वाहन लेकर हो गए गायब

# जगदलपुर आरटीओ उड़नदस्ता के प्रभारी नहीं दे पाए जवाब, हो गए नौ दो ग्यारह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

**खास बातें**

- सरकारी वाहन में पहले किसी तरह का नेम प्लेट नहीं लगा था, फोटो खींचने पर लगा दिया आरटीओ की नेम प्लेट
- उड़नदस्ता प्रभारी एवं उनकी टीम नेम प्लेट लगाकर नहीं रखे थे, जिससे पता नहीं चल सका नगर सैनिको के नाम

कांकेर से कोरर मार्ग पर देवरी तिराहा पर 16 जून को सुबह लगभग 10 बजे वाहन क्रमांक सीजी 02 एजे 0999 खड़ी थी। इस वाहन में एक अधिकारी बैठे थे और दो नगर सैनिक वाहनों को रोककर अधिकारी के पास भेज रहे थे। परिवहन विभाग की कार्यवाही को लेकर हरिभूमि ने कैमरे में कैद किया, इस पर अधिकारी बेहद परेशान हो गए। हरिभूमि ने कई जानकारी लिया, उसके बाद पता नहीं क्यों अधिकारी वाहन को लेकर कोरर की ओर नौ दो ग्यारह हो गए। अधिकारी सही कार्यवाही कर रहे थे, तो वहाँ से उनको जाने की क्या जरूरत थी।

जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक सीजी 02 एजे 0999 में बैठे तीन स्टार वाले अधिकारी से हरिभूमि ने यह जानना चाहा कि किस विभाग से है, उन्होने बताया कि जगदलपुर आरटीओ के उड़दस्ता प्रभारी है। इतना बात करते ही एक नगर सैनिक ने तत्काल नंबर प्लेट के ऊपर आरटीओ लिखी नेम प्लेट को लगा दिया। अधिकारी ने यह भी बताया कि जगदलपुर उड़नदस्ता से है, परंतु वाहन धमतरी उड़नदस्ता का है। हमारा वाहन खराब हो जाने के चलते धमतरी उड़नदस्ता से वाहन को लेकर चालानी कार्यवाही के लिए खड़े है। धमतरी उड़नदस्ता की टीम ने बताया कि उड़नदस्ता लगाकर कार्रवाई करने पर वाहन चालक रूट को बदल देते है। तीन स्टार वाले अधिकारी से जानना चाहा कि आप नेम प्लेट नहीं लगाए है, ऐसे में कैसे पता चलेगा कि आप सही अधिकारी है। उन्होने नेम प्लेट को






दिखाते हुए बताया कि उसकी पिन टूट गई है, इसलिए उसे गाड़ी में रख दिया था। नेम प्लेट नहीं लगाया। हरिभूमि के बोलने के बाद जैसे तैसे नेम प्लेट लगाया, उनसे यह भी जानना चाहा कि



आपके साथ दो नगर सैनिक है, उनके द्वारा भी नेम प्लेट नहीं लगाया है। तीन स्टार वाले अधिकारी ने उनसे पूछकर बताया कि नेम प्लेट बनाने के लिए दिया गया है, अभी उनके पास नहीं है। तीन स्टार वाले अधिकारी ने नेम प्लेट दिखाया उसमें अनिल गरदे लिखा हुआ था। उनसे जानना चाहा कि आपका चालक बिना यूनीफार्म का है, आप सभी प्राइवेट वाहन के चालकों को बिना यूनीफार्म होने पर चालान काटते है और आपका ही वाहन चालक बिना यूनीफार्म का ▶▶| शेष पेज 10 पर



### भानुप्रतापपुर तक नहीं था वाहन

हरिभूमि ने उसके उपरांत देवरी चौक से भानुप्रतापपुर तक पता लगाने का प्रयास किया। कोरर की टीम ने पतासाजी की, परंतु भानुप्रतापपुर तक परिवहन विभाग का वाहन कहीं नजर नहीं आया। बात सामने यह आ रही है कि यह सही अधिकारी थे, तो इस तरह से उनको भागने की जरूरत क्यों पड़ी, यह जाँच का विषय है। विभाग के उच्च अधिकारी इसकी जांच कराते है या मौन साध लेते है, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### उड़नदस्ता प्रभारी ने कॉल नहीं किया रिसीव

हरिभूमि ने शाम 4 बजे जगदलपुर के उड़नदस्ता प्रभारी अनिल गरदे को नौ दो ग्यारह होने की हकीकत को जानने के लिए कॉल किया। उनके मोबाईल की घंटी बजती रही, परंतु काल रिसीव नहीं हुआ। इसके चलते यह पता नहीं चल सका कि बारदेवरी तिराहा से उड़नदस्ता अधिकारी अचानक किधर निकल गए।

### जिले में मत्स्याखेट 15 अगस्त तक पूर्णतः निषिद्ध, जारी हुआ आदेश



**कांकेर।** मत्स्य संचालनालय छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश-वृद्धि (प्रजनन) के लिए संरक्षण देने के लिए जिले के जलाशयों, जल स्त्रोतों, नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों और तालाबों में 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु यानी क्लोज सीजन घोषित किया गया है। इस दौरान सभी प्रकार का मत्स्याखेट 15 अगस्त 2025 तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। सहायक संचालक मछलीपालन ने बताया कि इन नियमों का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ राज्य मत्स्य क्षेत्र (संशोधित) अधिनियम के नियम-3 (5) के अन्तर्गत अपराध सिद्ध होने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर में लागू नहीं होगा। अन्य प्रांतों से मछली आयात कर विक्रय करने में शासन द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं है, तथापि ऐसी मछली के परिवहन-विक्रय दौरान मछली आयात संबंधी पर्याप्त साक्ष्य अवश्य रखें। जिस राज्य से मछली आयात की गई है, उस राज्य के मछली पालन विभाग द्वारा लागू नियमों का पालन भी सुनिश्चित किया जाए।

## पुल निर्माण में सूचना पटल से मूल जानकारी गायब, जिम्मेदार विभाग नहीं दे रहा ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- नायापारा-सिंगहरावाही पुल निर्माण में अनियमितताओं के लगे गंभीर आरोप

जिले के जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भिरौद के आश्रित ग्राम नायापारा से सिंगहरावाही को जोड़ने वाले मार्ग पर बनाए जा रहे पुल निर्माण कार्य में गंभीर अनियमितताओं और लापरवाही की बातें सामने आ रही हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण में न केवल घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है, बल्कि कार्य की पारदर्शिता भी पूरी तरह नदारद है। निर्माण स्थल पर सूचना पटल तो लगा दिया गया है, परंतु उस पर निर्माण से संबंधित कोई भी अनिवार्य जानकारी जैसे लागत, एजेंसी का नाम, कार्य प्रारंभ और पूर्ण होने की तिथि, स्वीकृत राशि, तकनीकी ▶▶| शेष पेज 10 पर



### क्षेत्र का आवागमन हो सकता है ठपः ग्रामीण

गांव के बुजुर्गों और युवाओं ने मिलकर पंचायत और जनपद कार्यालय में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है, उनका कहना है कि यह पुल बरसात के समय में ग्रामीणों के लिए जीवन रेखा की तरह है और अगर यह असमय क्षतिग्रस्त होता है तो पूरे क्षेत्र का आवागमन ठप हो सकता है। हमने विकास की उम्मीद की थी, लेकिन मिल रहा है भ्रष्टाचार और लापरवाही। इस पुल पर भरोसा नहीं किया जा सकता।

## कच्चे माइंस, भानुप्रतापपुर परिवहन संघ से कलेक्टर ने की बातचीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



- कलेक्टर ने जताई समस्या समाधान की उम्मीद

भानुप्रतापपुर परिवहन संघ लंबे समय से परिवहन के प्रतिशत को यथावत रखने की माँग को लेकर आंदोलनरत है। कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने इस विषय पर भानुप्रतापपुर परिवहन संघ, कच्चे परिवहन संघ और कच्चे माइंस प्रबंधन की बातों को सुना और इसके निराकरण के लिए जल्द पहल करने की बात कही।

कच्चे माइंस प्रबंधन ने बताया कि सोमवार को पहले खदान में परिवहन कार्य नहीं होता था। माइंस ईलाके के प्रभावित चार ग्राम पंचायतों के साथ माइंस प्रबंधन बैठक करके सोमवार को भी परिवहन करने का निर्णय लिया। कच्चे परिवहन संघ को प्रतिदिन 50 ट्रकों को परिवहन के लिए बढ़ा दिया गया। भानुप्रतापपुर परिवहन संघ का कहना है कि ऐसा करने के चलते हमारे संघ को 36 प्रतिशत परिवहन करने के लिए वाहन दिए जाते थे, उसका पालन नहीं हो पा रहा है। कच्चे परिवहन संघ ने कहा कि हमारे ईलाके में वाहनों के बढ़ जाने के कारण यह निर्णय लिया गया है, जिसमें हमारा एकाधिकार है। इसके चलते भानुप्रतापपुर परिवहन संघ का कहना है कि हमें सीधा नुकसान हो रहा है। हमें 36 प्रतिशत परिवहन का कार्य नहीं दिया जा रहा है। कलेक्टर ने ▶▶| शेष पेज 10 पर

## स्कूल का मरम्मत कार्य समय पर नहीं हो पाया पूरा, छात्रों को होगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

- जतन योजना के तहत हुआ मरम्मत कार्य गुणवत्ताहीन, ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज करवाई

नरहरपुर विकासखंड के ग्राम सिहारीनाला में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला का मरम्मत कार्य में समय पर पूरा नहीं हो पाने के कारण छात्रों को परेशानी होगी। ग्रामीणों की मानें तो मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत स्कूल का मरम्मत कार्य तकनीकी दृष्टि से गुणवत्ताहीन है, जाँच करवाकर संबंधितों पर कार्यवाही करने की बात सामने आ रही है।

जानकारी के अनुसार शाला भवन की मरम्मत कार्य को ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पूरा किया जाना था, ताकि नए सत्र शुरू होते ही छात्रों को एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिल सके, लेकिन 16 जून से स्कूल खुल चुके है और स्कूल भवन का कार्य अभी भी अधूरा पड़ा है। न छत की मरम्मत पूरी हुई, न प्लास्टर का कार्य संपन्न हुआ और न ही रंग-रोगन जैसी अंतिम तैयारियाँ की गईं। इस अधूरे कार्य के कारण आने वाले सत्र में छात्रों को फिर से असुविधा और जोखिम भरे वातावरण में पढ़ाई करनी पड़ेगी। स्थानीय नागरिकों और स्कूल स्टाफ के अनुसार, मरम्मत कार्य में जिस तरह की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, वह बेहद निम्न स्तर की है। सीमेंट और रेत के अनुपात में स्पष्ट गड़बड़ी देखी जा रही है। प्लास्टर दीवारों से उखड़ रहा है और छत पर पानी का रिसाव अब भी जारी है। सवाल यह है कि आखिर इस कार्य की तकनीकी निगरानी कौन कर रहा है, यह कार्य सीधे तौर पर ठेके पर सौंप दिया गया है, जबकि खंड शिक्षा अधिकारी ▶▶| शेष पेज 10 पर



### बच्चों की सुरक्षा के साथ हो रहा खिलवाड़

पालकों का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही के कारण बच्चों को हर बार खराब भवन और असुरक्षित माहौल में पढ़ाई करनी पड़ती है। हम चाहते है कि गर्मियों की छुट्टियों में स्कूल पूरी तरह तैयार हो जाए, ताकि बच्चों को सत्र के पहले दिन से अच्छी व्यवस्था मिले। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, यह शिक्षा के साथ मजाक है।

## पुलिस ने नकली माल सहित युवकों को दबोचा, भेजा गया जेल

# युवकों को नकली इंजन आयन व ऑटो पार्ट्स बेचना पड़ा मंहगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बालोद के दो युवक कापसी में नकली केस्ट्रोल इंजन आयल और आटो पार्ट्स बेचने के लिए कापसी में बेच रहे थे। पुलिस ने खबर पाते ही वाहन और नकली इंजन आयल बेचने वालों को 15 जून को अपने गिरफ्त में लेते हुए कार्यवाही किया। पखांजुर पुलिस ने बताया था कि छोटा चार चक्का वाहन क्रमांक सीजी 05 एए 5904 में नयापारा चौक के पास मेन रोड कापसी में खड़ा करके नकली केस्ट्रोल इंजन आयल और आटो पार्ट्स करके बेंच रहा था। गाड़ी में बालोद जिला के मरारपारा मधु चौक गणेश वार्ड निवासी 45 वर्षीय नरेन्द्र देवांगन पिता परमेश्वर सिंह देवांगन और ड्राईवर सीट में बालोद जिला के पड़कीभाट निवासी 26 वर्षीरू गोविन्दा यादव पिता कीर्तन यादव बैठे हुए मिले। दोनो युवको को वाहन समेत थाना लाया गया। वाहन क्रमांक सीजी 05 एए 5904 कि तलाशी लेने पर ट्राली में आटो पाटर्स, सीट कव्हर, विभिन्न कम्पनियों का इंजन आयल मिला। विभिन्न कंपनी के 7 नग टायर, सीट कव्हर 40 नग, 155 डिब्बा आयल व सीट कव्हर के बीच में छिपाकर रखा हुआ था। केस्ट्रोल इंजन आयल के 5 पेटी मिला, जिसे खोला गया था। बरामद 5 पेटी में भरा 100 नग केस्ट्रोल इंजन आयल के असली या नकली होने के पहचान करने डीलर दिपांकर कुण्डू को धारा 179 बीएनएसएस का नोटिस देकर तलब किया गया। डीलर 1 डिब्बा असली केस्ट्रोल इंजन आयल के साथ उपस्थित हुआ। डीलर ने असली केस्ट्रोल इंजन आयल एवं संदेहियों से बरामद केस्ट्रोल इंजन आयल से तुलना कर संदेहियों से बरामद केस्ट्रोल इंजन आयल को नकली होने का जवाब दिया। आरोपी नरेन्द्र देवांगन से पूछताछ में बताया कि नकली केस्ट्रोल इंजन आयल को ऋषि ट्रेडर्स रायपुर के मालिक रंजन से खरीदा है। आरोपी के कब्जे से बरामद नकली केस्ट्रोल इंजन आयल 5 पेटी में भरा 100 नग कीमत करीबन 42 हजार 500 रूपएं को जप्त किया गया।








### धोखाधड़ी के मामले में हुई गिरफ्तारी

आरोपियों द्वारा केस्ट्रोल इंजन आयल कम्पनी का नकली केस्ट्रोल इंजन आयल तैयार कर बिक्री कर धोखाधड़ी कर अवैध धन अर्जित के आरोप में आरोपी नरेन्द्र देवांगन, गोविन्दा यादव एवं ऋषि ट्रेडर्स रायपुर के मालिक रंजन के खिलाफ धारा 3 (5), 318 (4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## नवप्रवेशी एवं शाला त्यागी छात्रों का तिलक लगाकर किया गया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

- डीईओ ने लिया जायजा, शिक्षकों को दिए शिक्षण माहौल सुधार के निर्देश

नवीन शैक्षणिक सत्र 2025-26 का आगाज हो गया है और जिले में संचालित सभी शासकीय विद्यालयों में नवीन शैक्षणिक सत्र में हर्षोल्लास के साथ शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया। विद्यालयों में नवप्रवेशी व शाला त्यागी छात्रों को गणवेश, चंदन तिलक, मिठाई, पुष्पहार से स्वागत किया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी अशोक पटेल ने बताया कि डोर टू डोर बैठक का आयोजन कर विद्यालय में शाला त्यागी एवं नवप्रवेशी बच्चों को शिक्षा के मुख्यधारा में जोड़ा जाएगा। इसके अलावा जिले में संचालित समस्त ▶▶| शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप



### माकड़ी ब्लॉक में धूमधाम से मनाया गया शाला प्रवेशोत्सव

**कोण्डागांव।** शिक्षा सत्र 2025–26 के प्रारंभ होते ही, माकड़ी विकासखंड की समस्त शालाओं में शाला प्रवेश उत्सव बड़े जोर–शोर से मनाया जा रहा है। इस दौरान गांव, पारा–मोहल्ले के अप्रवेशी बच्चों को शाला में दाखिला दिलाया जा रहा है। बच्चों के पालक और पहले से स्कूल में पढ़ रहे बच्चे भी नए बच्चों को शाला तक पहुंचाने में मदद कर रहे हैं। उड़िदगांव के स्कूल में पहली, छठवीं और नवमीं कक्षा के नवप्रवेशी बच्चों को संस्था प्रमुख द्वारा चंदन टीका लगाकर, शासन से प्राप्त निःशुल्क गणवेश सेट, पाठ्यपुस्तकें और चॉकलेट देकर शाला में प्रवेश दिलाया गया। शिक्षा सत्र 2025–26 के शाला प्रवेश उत्सव के दौरान बीआरसी ताहिर खान और एबीईओ श्रीराम तारम ने विकासखंड की शालाओं का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान, उन्होंने संस्था प्रमुखों को शत–प्रतिशत अप्रवेशी बच्चों का दाखिला सुनिश्चित करने, वर्तमान गर्मी में बच्चों के लिए पेयजल की उत्तम व्यवस्था करने, शाला भवन की साफ–सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। साथ ही, जिन शालाओं में यू–डाइस प्रोग्रेशन पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें शीघ्र पूर्ण करने और शालाओं की आवश्यक पंजी संधारण करने को कहा गया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम उड़िदगांव में संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, ग्राम प्रमुख, सरपंच, पंच, पालक और बच्चे शामिल हुए।

# पुलिस की कार्यप्रणाली में उर्दू-फारसी के कठिन शब्दों की जगह होगी सरल हिंदी : शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

प्रदेश की पुलिस व्यवस्था को और अधिक जनसुलभ, पारदर्शी और संवादात्मक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा के निर्देश के पश्चात अब राज्य की पुलिस कार्यप्रणाली में प्रयुक्त होने वाले कठिन, पारंपरिक एवं आम नागरिकों की समझ से बाहर उर्दू-फारसी शब्दों को हटाकर उनकी जगह पर सहज और प्रचलित हिंदी शब्दों का उपयोग किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा है कि आम नागरिक जब किसी शिकायत, अपराध सूचना अथवा अन्य कार्य से थाने जाता है, तो वह अक्सर पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर या अन्य दस्तावेजों की भाषा को लेकर असमंजस में रहता है। अन्य भाषाओं के शब्द आम लोगों के लिए अनजाने होते हैं, जिससे वे न तो अपनी बात ठीक से समझा पाते हैं और न ही पूरी प्रक्रिया को ठीक से समझ पाते हैं। उन्होंने कहा कि यदि पुलिस का उद्देश्य नागरिकों की सहायता और सुरक्षा है, तो उसकी भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो नागरिकों की समझ में आए और उनके विश्वास को बढ़ाए।

## उप मुख्यमंत्री ने सरल शब्दों का उपयोग करने के दिए निर्देश

### पुलिस चौकी, थाने और कार्यालयों में हो क्रियान्वयन

पुलिस महानिदेशक द्वारा सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को एक पत्र जारी किया गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि पुलिस की व्यवहारिक कार्यवाहियों में प्रयुक्त कठिन, पारंपरिक शब्दों को सरल और स्पष्ट हिंदी में बदला जाए। इसके लिए एक शब्द सूची भी तैयार की गई है, जिसमें पुराने कठिन शब्दों के स्थान पर उपयोग किए जाने योग्य सरल विकल्प सुझाए गए हैं। इस पत्र में यह भी निर्देशित किया गया है कि सभी अधीनस्थ अधिकारियों को इस विषय में अवगत कराया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि यह आदेश केवल औपचारिकता भर न रहे, बल्कि इसका वास्तविक कार्यान्वयन प्रदेश की प्रत्येक पुलिस चौकी, थाने और कार्यालय में दिखे।



### पुलिस जनसंवाद का भी माध्यम बनेगी

*छत्तीसगढ़ पुलिस अब केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था न होकर जनसंवाद का माध्यम भी बनेगी। भाषा के इस सरलीकरण से शिकायतकर्ता को अपनी बात स्पष्ट रूप से कहने, सुनने और समझने में सुविधा होगी। एफआईआर जैसी प्रक्रिया, जो अब तक केवल अधिवक्ताओं या पुलिस कर्मियों की समझ में आती थी, वह अब आम नागरिक के लिए भी बोधगम्य हो सकेगी।*

## शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर जताया असंतोष, युक्तियुक्तकरण पर जताई नाराज़गी

# युक्तियुक्तकरण से नाराज शिक्षक कोण्डागांव में कर रहे हैं विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोण्डागांव



कोण्डागांव जिले के शिक्षक 16 जून से 30 जून तक शासन की युक्तियुक्तकरण नीति के विरोध में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए काली पट्टी लगाकर स्कूल पहुँच रहे हैं। यह प्रदर्शन शिक्षक साझा मंच के नेतृत्व में शांतिपूर्ण ढंग से किया जा रहा है। शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताओं और विसंगतियों पर आक्रोश जताया है। उनका कहना है कि यह प्रक्रिया उनके भविष्य और स्कूलों की कार्यप्रणाली दोनों को प्रभावित कर रही है।

- 30 जून तक काली पट्टी लगाकर होगा विरोध

### शाला प्रवेश उत्सव में भी जारी रहेगा विरोध

शिक्षकों ने तय किया है कि शाला प्रवेश उत्सव जैसे महत्वपूर्ण आयोजनों में भी वे काली पट्टी लगाकर भाग लेंगे। इससे वे शासन को यह संदेश देना चाहते हैं कि वे बच्चों के हित के लिए समर्पित हैं, लेकिन शासन की नीतियों से व्यथित भी हैं।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को बताएंगे खामियां

शिक्षक साझा मंच ने निर्णय लिया है कि वे एसएमसी के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों को युक्तियुक्तकरण की खामियों से अवगत कराएंगे, ताकि आम जनता का भी समर्थन प्राप्त किया जा सके।

### जिला स्तर पर मिला व्यापक समर्थन

कोण्डागांव जिले के पांचों विकासखंडों के हजारों शिक्षकों ने काली पट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन में भाग लिया। लगभग सभी शैक्षणिक संस्थानों से शिक्षक इस आंदोलन में शामिल हो रहे हैं।

### जन आंदोलन की ओर बढ़ता शिक्षक आंदोलन

शिक्षक साझा मंच अब सामाजिक संगठनों और आम जनता से भी समर्थन लेने की दिशा में प्रयासरत है। यह आंदोलन अब केवल शिक्षकों का न रहकर एक जन आंदोलन बनने की ओर अग्रसर है।

### जिला संचालक ऋषिदेव सिंह ने रखी अपनी बात

शिक्षक साझा मंच के जिला संचालक ऋषिदेव सिंह ने कहा, विद्यालय का पहला दिन काली पट्टी लगाकर जाना हमारे लिए पीड़ादायक है, लेकिन यह हमारी विवशता है। शासन से कोई हमारी बात नहीं सुन रहा। उन्होंने मुख्यमंत्री से संवेदनशीलता दिखाकर 2008 के सेटअप के आधार पर पुनः युक्तियुक्तकरण करने की मांग की।

# शारीरिक बाधाओं को मात देकर चमका हीरालाल का सितारा

## सुरीली आवाज़ से बना सबका चहेता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर



अबूझमाड़ विकासखंड के ग्राम पंचायत कोड़ोली में रहने वाले सरपंच राजू बेंजामी के दिव्यांग पुत्र हीरालाल ने अपनी मधुर आवाज़ और अद्भुत गायन प्रतिभा से क्षेत्र में एक विशेष स्थान बना लिया है। कठिन परिस्थितियों और शारीरिक सीमाओं के बावजूद, उसकी आवाज़ में वह गहराई और भावनात्मक स्पर्श है जो श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर देता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि उसकी आवाज़ में प्रकृति की मिठास और आत्मा की सच्चाई झलकती है। इस बालक की प्रतिभा की सराहना अब प्रशासनिक स्तर तक भी पहुँच चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन के वनमंत्री एवं नारायणपुर क्षेत्र के विधायक केदार कश्यप ने भी बालक की प्रतिभा पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की है।

- यह बालक पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा है: वनमंत्री
- स्थानीय विधायक एवं वन मंत्री केदार कश्यप ने की प्रशंसा

### हरसंभव सहयोग देंगे

ऐसे बच्चों की प्रतिभा हमें यह सिखाती है कि असली शक्ति मन में होती है, न कि शरीर में। यह बालक पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणा का स्रोत है। मैं उसकी लगन और हुनर को सलाम करता हूँ और हर संभव सहयोग देने के लिए तत्पर हूँ।

- केदार कश्यप, वनमंत्री

### गांव-गांव से मिल रही सराहना

ग्राम कोड़ोली और आस-पास के क्षेत्र में इस बालक की सराहना बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोग चाहते हैं कि उसकी प्रतिभा को राज्य स्तर पर भी मंच मिले, जिससे वह न केवल अपने गाँव का, बल्कि पूरे अबूझमाड़ अंचल का नाम रोशन कर सके।

# एमपी का एक तस्कर 10.902 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जगदलपुर

ओडिशा से गांजा लेकर विदिशा जाने की फिराक में बस का इंतजार कर रहे तस्कर को नगरनार पुलिस ने एलएच 63 स्थित धनपुंजी फारेस्ट नाका के करीब घेराबंदी कर पकड़ा। आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपए से अधिक का गांजा बरामद कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेजा गया। गांजा तस्करी रोकने बस्तर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत एसपी शलभ कुमार सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग



के निर्देश व सीएसपी आकाश श्री श्रीमाल के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। टीम द्वारा एनएच स्थित धनपुंजी नाका के करीब बस का इंतजार कर रहे एक आरोपी को घेराबंदी कर हिरासत में लिया गया।

# कांग्रेसियों ने ईडी और भाजपा का पुतला फूंका



**नारायणपुर।** केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करते हुए प्रवर्तन निदेशालय ईडी द्वारा जिला मुख्यालय, सुकमा स्थित राजीव भवन को अटैच किये जाने के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर शहर जिला व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 16 जून को तहसील ऑफिस के सामने भाजपा व ईडी का पुतला दहन किया गया।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रवि देवांगन ने बताया कि ईडी भारतीय जनता पार्टी का अनुसांगिक संगठन की भांति कार्य करते हुए केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश की भाजपा सरकार की कठपुतली बनकर रही गई है। उनके इशारे पर ही सुकमा के राजीव भवन को अटैच किया गया है। जिसके विरोध मे भाजपा व ईडी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। रवि देवांगन ने कहा कि कांग्रेस को बदनाम करने की नियत से प्रदेश की भाजपा सरकार के इशारे पर सुकमा के राजीव भवन में छापेमार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। जिसका कांग्रेस पार्टी घोर निंदा करती है। भाजपा सरकार राजनीति दुर्भावनावश यह कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस इससे डरने वाले नहीं है और न्याय की लड़ाई के लिए हर संघर्ष स्वीकार करती है। केन्द्र की मोदी व प्रदेश की भाजपा सरकार जानबूझकर कांग्रेस नेताओं पर दबाव बनाने उन पर लगातार कार्यवाही की जा रही है जिसका हम कांग्रेसजन कड़ा विरोध करते है।

**ये रहे उपस्थितः** पुतला दहन कार्यक्रम मे बिसेल नाग अध्यक्ष जिला कांग्रेस, रघु मानिकपुरी अध्यक्ष शहर कांग्रेस, शेख तौहीद अहमद महासचिव जिला कांग्रेस, वेदबती पात्र महासचिव प्रदेश महिला कांग्रेस रशीला कश्यप अध्यक्ष महिला कांग्रेस, बोधन देवांगन अध्यक्ष यूथ कांग्रेस, विजय सलाम अध्यक्ष एनएसयूआई, प्रमोद नैलवाल पूर्व उपाध्यक्ष नपा. नारायणपुर, पंडी राम वड्डे पूर्व अध्यक्ष जनपद नारायणपुर, गजा पटेल पूर्व एल्डरमैन रमेश ध्रुव कांग्रेस सदस्य एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ बच्चों के स्वागत से हुआ

**बीजापुर।** प्रदेशभर में शिक्षा को जनआंदोलन का रूप देने तथा प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से आज शाला प्रवेश उत्सव का जिले में उत्साहपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बीजापुर के कोतापाल प्राथमिक शाला में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में कलेक्टर संबित मिश्रा ने भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर ने उपस्थित शिक्षकों एवं पालकों को संबोधित करते हुए कहा कि हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मध्याह्न भोजन योजना से कोई भी बच्चा वंचित न रहे तथा सभी बच्चों को समय पर गणवेश और पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराई जाए। विद्यालय परिसर में आयोजन को लेकर उत्सव जैसा माहौल रहा। बच्चों की मुस्कुराहट, नए गणवेश, और हाथों में तिरंगा थामे विद्यार्थियों ने इस दिन को शैक्षणिक पर्व में बदल दिया। कलेक्टर ने बच्चों के साथ संवाद भी किया और शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर जिले भर में वेंडे वर्राट पन्डूम अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किए गए। पहले दिन छात्रों को जन्म प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया गया, ताकि बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने में कोई बाधा न रहे।

### बच्चों को मिला जाति प्रमाण पत्र

कलेक्टर के पहल पर बच्चों का व्यापक स्तर पर मिशन मोड में राजस्व एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त प्रयास से जाति प्रमाण पत्र भी बनाया गया जिसे स्कूल खुलने के पहले दिन वितरण किया गया। जाति प्रमाण पत्र पाकर बच्चों और पालकों में खुशी देखने को मिला। बिना किसी दफ्तर के चक्कर काटे सुगमतापूर्वक जाति प्रमाण पत्र मिलने पर पालकों ने जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# नारायणपुर में 33वीं बटालियन के नेतृत्व में रक्तदान शिविर

## 15 लोगों ने किया स्वेच्छा से रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर



विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर 33वीं बटालियन के सीओबी ब्लॉक ए में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कमांडेंट प्रियवत शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। शिविर की जिम्मेदारी सीओबी ब्लॉक ए के इंचार्ज निरीक्षक संजय कुमार एवं सीएसओ सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र पाल सिंह द्वारा निभाई गई। इस रक्तदान शिविर में कुल 15 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर सामाजिक सेवा में अपना योगदान दिया।

रक्तदाताओं में एनसी नाहर माईन्स कंपनी के सदस्य एवं एसएसबी के जवानों की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। शिविर का संचालन जिला अस्पताल, नारायणपुर की विशेषज्ञ चिकित्सा टीम द्वारा किया गया। सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार भोयर के निर्देशन में यह शिविर संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. शुभांशु गुप्ता के पर्यवेक्षण में सीनियर लैब टेक्नीशियन अमलचंद एवं सोम जी पोटाई ने शिविर को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिला अस्पताल की टीम ने 33वीं बटालियन के कमांडेंट एवं आयोजन समिति को इस सामाजिक एवं मानवीय पहल के लिए हृदय से धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। यह आयोजन रक्तदान जैसे पुनीत कार्य के प्रति जनजागरूकता को बढ़ावा देने वाला एवं समाज के लिए प्रेरणास्रोत रहा।

- कमांडेंट प्रियवत शर्मा के मार्गदर्शन में शिविर का सफल आयोजन, एनसी नाहर माईन्स व एसएसबी जवानों की भी भागीदारी
- जिला अस्पताल की टीम ने प्रदान किया चिकित्सकीय सहयोग, रक्तदान से जनजागरूकता को मिला बढ़ावा

## पेज 9 के शेष

### जगदलपुर आरटीओ...

है। इसके बाद अधिकारी इधर से उधर फोन लगाने का प्रयास किया और उसके बाद अधिकारी एवं नगर सैनिक वाहन में बैठकर कोरर की ओर नौ दो ग्यारह हो गए।

### पुल निर्माण में...

अधिकारी व अन्य बातो का कोई उल्लेख नहीं है। सूचना पटल महज औपचारिकता बनकर रह गया है, जिससे यह संदेह और गहरा हो जाता है कि कार्य में जानबूझकर पारदर्शिता से बचा जा रहा है। जनता का सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस निर्माण कार्य की निगरानी कर कौन रहा है? क्या जनपद पंचायत, पीडब्ल्यूडी या ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग इस काम को देख रहे हैं? या फिर कार्य को ठेके पर देकर जिम्मेदार विभाग ने आंखें मूंद ली हैं। सूचना पटल पर तकनीकी अधिकारियों का नाम न होने से यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा कि किसकी जवाबदेही तय की जाए। यह लापरवाही न केवल शासन की नीतियों को मुंह चिढ़ा रही है, बल्कि ग्रामीण इलाकों के बुनियादी ढांचे को भी खतरे में डाल रही है।

### कच्चे माइंस...

दोनो पक्षों की बात को सुना। उन्होने कहा कि जल्द इस समस्या के निदान के लिए एक बार और बैठक करके कोई न कोई सकारात्मक पहल किए जाने का आश्वासन दिया।

कलेक्टर ने माइंस प्रबंधन के साथ अलग से बैठक करके इस समस्या के निदान के लिए चर्चा किया और सकारात्मक पहल करते हुए समन्वय बनाने के लिए रणनीति बनाने के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

### स्कूल का मरम्मत...

की ओर से कोई भी नियमित निरीक्षण या मॉनिटरिंग नहीं की गई है। कार्यस्थल पर कोई सूचना पटल तक नहीं लगाया गया है, जिससे यह जान सकें कि किस एजेंसी को ठेका दिया गया, कितनी लागत स्वीकृत हुई और कार्य की समय-सीमा क्या थी।

### नवप्रवेशी एवं शाला...

शासकीय समस्त विद्यालयों के संकुल समन्वयकों, संकुल प्राचार्यों व प्रधानाध्यापकों की बैठक लेकर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, शिक्षकों की समय पर उपस्थिति, पाठ्य पुस्तकों व गणवेशों की उपलब्धता, मध्यान्ह भोजन का संचालन, शौचालय, पेयजल की समुचित व्यवस्था एवं स्वस्थ वातावरण बनाए जाने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने बताया कि जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों एकल शिक्षकीय व शिक्षकविहीन विद्यालयों में भी योग्य व प्रशिक्षित शिक्षकों की व्यवस्था की गई है। जिले के सभी विद्यालयों में प्रारंभिक तैयारी की जा चुकी है, शाला प्रवेश उत्सव के दौरान सभी शासकीय विद्यालयों में न्यौता भोज का आयोजन किया जा रहा है। इसका लक्ष्य एक भी छात्र विद्यालय से वंचित न हो, इसके लिए मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत माह जुलाई से ही शिक्षकों की रोस्टरवार प्रशिक्षण सह बैठक का जिले की कार्ययोजना को मूर्त रूप देने हेतु आयोजित किया जाएगा।

## मोदी सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियों पर लगी प्रदर्शनी, हुआ प्रोफेशनल मिट

# 'संकल्प से सिद्धि' में मोदी सरकार की उपलब्धियों को प्रदर्शनी में बताया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारायणपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को 'संकल्प से सिद्धि' कार्यक्रम के अंतर्गत नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर परिसर के समीप एक भव्य प्रदर्शनी एवं प्रोफेशनल मिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों व आमजन की उत्साहजनक भागीदारी रही।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नारायण मरकाम ने प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई गरीब कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में देश ने जनसेवा और विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जनधन योजना, पीएम किसान योजना जैसी

- डिजिटल इंडिया से लेकर सुरक्षा तक, वक्ताओं ने गिनाए मोदी सरकार की प्रमुख योजनाएं और निर्णय




योजनाओं ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी मदद पहुंचाने का काम किया है। नगर पालिका अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल ने देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा के मुद्दों पर सरकार की मजबूती का उल्लेख करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने आतंकवाद और सीमा सुरक्षा के मोर्चे पर साहसिक निर्णय लिए हैं, जिससे देशवासियों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है।

भाजपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य गौतम गोलछा ने विकसित भारत की संकल्पना को साझा करते हुए कहा कि विकास अब महज नारा नहीं, बल्कि जमीनी हकीकत है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसी योजनाओं ने युवाओं को अवसर दिए हैं। कार्यक्रम के जिला संयोजक बृजमोहन देवांगन ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को मोदी सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों से अवगत कराना है।

### विदेश नीति में नया युग

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति ने वैश्विक मंचों पर भारत की सशक्त उपस्थिति दर्ज कराई है। पड़ोसी देशों से संबंधों में मजबूती आई है तो वहीं अमेरिका, जापान और यूरोपीय देशों से रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, भाजपा जिला महामंत्रीद्वय संजय नंदी, संदीप कुमार झा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवती हलधर एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित नगर के प्रबुद्धजन एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियां

- 11 वर्षों के कार्यकाल में केंद्र सरकार ने अनेक ऐतिहासिक कदम उठाए, जिनमें प्रमुख हैं:
- आर्थिक सुधारः जीएसटी लागू कर टैक्स प्रणाली को सरल बनाया गया, वहीं नोटबंदी जैसे निर्णय से काले धन पर प्रहार किया गया।
- स्वच्छ भारत अभियानः खुले में शौच से मुक्ति और स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता में अभूतपूर्व सफलता मिली।
- प्रधानमंत्री आवास योजनाः लाखों गरीब परिवारों को पक्के आवास उपलब्ध कराए गए, जिससे आवास संकट में कमी आई।

### भाजपा की भविष्य दृष्टि

कार्यक्रम में वक्ताओं ने इस बात पर भी जोर दिया कि भाजपा आने वाले समय में भी 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए देश को समृद्ध और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में अग्रसर रहेगी।

## खबर संक्षेप

### 15 अगस्त तक रहेगा मत्स्याखेट पर प्रतिबंध

**दंतेवाड़ा।** कार्यालय मछली पालन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें संरक्षण देने हेतु राज्य में छत्तीसगढ़ नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम-1972 की धारा-3 उपधारा-2 के तहत 16 जून से 15 अगस्त तक की अवधि को बंद ऋतु क्लोज सीजन के रूप में घोषित किया गया है। अतः प्रदेश के सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, के अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कलर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में 16 जून से 15 अगस्त तक मास्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

### ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 को

**बीजापुर।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर जिले में उत्साहपूर्वक मनाया जायेगा। इस अवसर को सफल बनाने के लिए 15 से 21 जून तक योग सप्ताह का आयोजन जिला विकासखंड मुख्यालयों एवं नगरीय निकायों में प्रारंभ किये जाने हेतु सभी को परिपत्र जारी किया गया है। 21 जून को प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री का संदेश वाचन भी किया जावेगा। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम एजुकेशन सिटी में स्थित नवोदय विद्यालय परिसर बीजापुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम की समस्त गतिविधियाँ योगा पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। इस योग सप्ताह के माध्यम से योग को जन-जन तक पहुंचने स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने एवं प्राकृतिक परिवेश में योगाभ्यास को प्रोत्साहन देने का उददेश्य रखा गया है। सभी विभागों एंव आमजन से इसमें भागीदारी की अपील की गई है।

### रेंगानार में हुआ शाला प्रवेश उत्सव



**दंतेवाड़ा।** विखं कुआकोण्डा के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय रेंगानार में आज शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस दौरान नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत तिलक, मिठाई और शाला गणवेश उपहार देकर किया गया। साथ ही छोटे बच्चों द्वारा बालगीत, कविता पाठ प्रस्तुतियाँ भी दी गई। इस दौरान उपस्थित आगंतुकों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा जीवन का आधार है और हम सबका दायित्व है कि प्रत्येक बच्चा विद्यालय पहुँचे। शाला प्रवेश उत्सव का उद्देश्य यही है कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रह जाए। शाला प्रवेश उत्सव के अवसर पर 4 नवप्रवेशी बच्चों का दाखिला किया गया। इस दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय रेंगानार के प्रधानाध्यापक धनसिंह उपेंडी, प्राथमिक शाला के स्कूल पारा,पटेल पारा के प्रधानपाठक रामसिंह नाग, रजलाल यामले एवं नीति आयोग के सहयोगी संस्था पीरामल फाउंडेशन से छोटे लाल यादव सरपंच, मंगल भास्कर, उपसरपंच, समरत तेलामी ग्राम प्रमुख, बुधरू तेलामी, तथा अन्य शिक्षक, पालकगण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन मिष्ठान वितरण और एक पेड़ माँ के नाम पौधारोपण करके किया गया।

# विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे फुलों, गुब्बारों और स्वागत पट्टिकाओं से सजाया और मनाया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

राज्य सरकार के निर्देशानुसार व शिक्षा विभाग के मार्गदर्शन में गीदम संकुल के प्राथमिक व माध्यमिक शाला सोनार पारा गीदम में शाला प्रवेश उत्सव बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे फुलों, गुब्बारों और स्वागत पट्टिकाओं से सजाया गया। नगर पंचायत गीदम के अध्यक्ष व सभी अतिथियों की ओर से छोटे बच्चों का तिलक कर, माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर, स्कुल बैग, पेन्सिल, व अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरण कर विद्यालय परिवार ने उनका स्वागत किया। बच्चों के चेहरे पर उल्लास और नए सफर की उत्सुकता साफ झलक रही थी। इस अवसर पर न्योता भोज कार्यक्रम का भी आयोजन नगर पंचायत गीदम की ओर से किया गया, जिसमें शाला प्रबंध समिति ग्रामवासियों, पालकों, विद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने मिलकर सहभागिता की।

भोजन के माध्यम से समाज में आपसी प्रेम, सौहार्द और सहभागिता का संदेश प्रसारित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गीदम नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना व सांसद प्रतिनिधि नवीन विश्वकर्मा ने अपने सम्बोधन मे बच्चों को शिक्षा का महत्व बताते हुए कहा कि विद्यालय जीवन की नींव होती है और इस तरह के आयोजन बच्चों को प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर अतिथियों व माताओ ने बच्चों के साथ एक पेड़ माँ के नाम के तहत शाला प्रांगण मे वृक्षारोपण भी किया गया।

गीदम संकुल के वरिष्ठ व्याख्याता राकेश मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह एक संस्कार है, जो बच्चों को शिक्षा से जोड़ता है। उन्होंने सभी अभिभावकों से बच्चों की शिक्षा में निरंतर सहयोग की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, मनीष सुराना पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत, मदन सोनी विधायक प्रतिनिधि, पार्षद अवधेष गुप्ता, सूरज सिंह ठाकुर, अजय अवस्थी, राजेश सुराना, एसडीएम विवेक चंद्रा, एबीओ भवानी पुनेम, बीआरसी जितेंद्र चौहान, सीएमओ हुलसी प्रधान, प्राचार्य कैलाश कुमार नीलम, अंकित जैन, सीएसी ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी, प्रदीप गर्ग, नितिन विश्वकर्मा, विद्यालय के प्रधान अध्यापक टीपी मिश्रा, मिराज हुसैन, शिल्पा सिंह चौहान, महादेव सिंह ठाकुर, सीखा सिंह, प्रीति ध्रुव, मधु लक्ष्मी कौशिक भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक योगेश सोनी ने किया एवं आभार प्रदर्शन राकेश मिश्रा ने किया।

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट स्कूल में मनाया गया प्रवेशोत्सव

# पाठ्य पुस्तक व गणवेश पाकर नवप्रवेशी बच्चों के खिले चेहरे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

आज मुख्यालय के आंवराभाटा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम हाई स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव गरिमापूर्ण एवं उत्साह से मनाया गया। इस अवसर पर नगर

■ कलेक्टर ने कहा वर्ष भर नियमित आवे छात्र

पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता, उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा, कलेक्टर कुणाल दुदावत, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि 2 महीनों के ग्रीष्मावकाश के पश्चात आज से समस्त शालाओं के पट खुल गए है। अतः बच्चे सबसे पहले अपने नई कक्षाओं के नये सिलेबस को अच्छी तरह से समझ कर अपने शिक्षकों से चर्चा कर लें। जिससे उन्हें शुरुआती दौर की पढ़ाई में दिक्कत नहीं आएगी। इस नये शैक्षणिक सत्र में वे पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए अन्य अतिरिक्त शालेय गतिविधियों से भी जुड़े। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि इस शालेय संस्थान के बच्चे पढ़ाई से लेकर खेल कुद तक हर क्षेत्र में अपने जिले का नाम रोशन करेगें।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने अपने संबोधन में बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शाला प्रवेशोत्सव के प्रथम दिवस समग्र जिला प्रशासन नवप्रवेशी बच्चों का तहे दिल से स्वागत कर रहा है। उन्होंने बच्चों से अनुरोध किया कि वे वर्ष भर नियमित रूप से शाला में उपस्थिति दर्ज करें उन्होंने बच्चों के पालकों से भी बच्चों को शत प्रतिशत शाला में उपस्थिति हेतु प्रोत्साहित करने का अपील करते हुए कहा कि वे गतवर्ष 10वीं एवं 12वीं के परीक्षा परिणाम जिले के लिए उत्साहवर्धक थे और इस रिकॉर्ड उपलब्धि को बरकरार रखने के लिए जिला प्रशासन द्वारा आगे भी बेहतर रणनीति अपनाई जाएगी। उन्होंने जिला प्रशासन की पहल पढे दंतेवाड़ा लिखे दन्तेवाड़ा एवं बाल मित्र योजना का जिक्र करते हुए कहा कि प्रशासन जिले को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां देने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सभी प्रयासों का परिणाम है कि पूरे राज्य में जिले का नाम शिक्षा के क्षेत्र में रोशन हुआ है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि न्यौता भोज जैसे आयोजन में सहभागी बन कर बच्चों को एक उत्कृष्ट शैक्षणिक माहौल देने में योगदान दे सकते है। अंत में उन्होंने बच्चों से कहा कि वे एक पौधा मां के नाम के तहत अपने शाला परिसर में पौधारोपण करके इस अभियान को सार्थक बनाए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ ने बच्चों को समझाइश दिया कि वे पढ़ाई के शुरुआती महीनों में ही अपने-अपने विषय संबंधित शंका समाधान शिक्षकों से करना प्रारंभ कर देवें इससे उन्हें अपने अध्ययन को सुगम बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने शिक्षकों से भी आग्रह किया कि वे प्रत्येक छात्र कों प्राथमिकता देते हुए विषयों को यथा संभव रूचिकर बनाते हुए अध्ययन कराएं। उन्होंने आगे कहा कि विगत सत्र में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के शानदार परीक्षा परिणामों ने यह साबित कर दिया कि जिले के छात्रों की प्रतिभा किसी से कम नहीं है।

इसके साथ ही उन्होंने बच्चों के व्यक्तित्व विकास हेतु पढ़ाई के अलावा अन्य गतिविधियों में भी भागीदारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि शाला प्रवेशोत्सव के कार्यक्रम के तहत नवप्रवेशी बच्चों को कलेक्टर सहित अन्य आगंतुक अतिथियों ने पुष्पहार एवं मिष्ठान खिलाकर उनका स्वागत किया साथ ही उपस्थित सभी बच्चों को नई पुस्तकें एवं गणवेश भी प्रदाय किए गए। कार्यक्रम के अंत में शाला परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान शाला की प्रधानाध्यापिका सुनीता गोस्वामी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं और पालकगण उपस्थित थे।

# स्कूल में रंगोली सजाकर किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में बस्तर जिले के स्कूलों में आज नए शिक्षण सत्र का आगाज धूमधाम से हुआ। स्कूलों को रंगोली और बंदनवार से सजाया गया था। सोमवार को बस्तर जिले के विभिन्न स्कूलों में नए

■ जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल के मार्गदर्शन में मनाया गया प्रवेश

शिक्षण सत्र पर नवप्रवेशियों का स्वागत किया गया। बस्तर जिले की बकावंड जनपद पंचायत क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बीजागुड़ा में भी नवप्रवेशियों को जनप्रतिनिधियों ने सनातनी परंपरा अनुसार तिलक लगाकर व पुष्प भेंटकर उनका स्वागत किया। इस दौरान नवप्रवेशियों को उपहार भी दिए गए। शाला प्रवेशोत्सव में क्षेत्रीय नेता व जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य भी पहुंचे। वनवासी मौर्य ने कहा कि शिक्षा सभी के लिए वर्तमान परिदृश्य में जरुरी है। क्योंकि शिक्षा से ही विकसित व जागरूक समाज बनता है। जिला पंचायत सदस्य वनवासी मौर्य ने कहा कि केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार शिक्षा के प्रति गंभीर है जिसके तहत शिक्षा को बढ़ावा देने नवाचार किए जा रहे रहे हैं। शाला प्रवेशोत्सव के दौरान फूलदास नागेश सीएसी, अनिल पटेल प्रधान अध्यापक, सुनीता नाग प्रधान अध्यापक बीजागुड़ा, भुवनेश्वरी कश्यप, जनपद सदस्य, शिक्षकगण निशा साई, ममता सेठिया, तेजा लक्ष्मी नायडू, ललित बघेल, प्रियंका यादव, पालकगण व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# धाकड़ समाज ने आमसभा की तिथि की घोषणा की, जगत बने सचिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा

बस्तर संभाग धाकड़ समाज की विशेष बैठक का आयोजन ग्राम गुच्चागुड़ा स्थित धाकड़ समाज भवन में किया गया। जिसमें आगामी आयोजित होने वाला आमसभा एवं समाजिक उत्थान के मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

इस दौरान समाज की ओर से परचनपाल निवासी जगत सिंह

■ धाकड़ समाज की बैठक ग्राम गुच्चागुड़ा में संपन्न

धाकड़ को कुदालगांव क्षेत्र का सचिव नियुक्त किया गया। यह निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। आगामी आमसभा की रूपरेखा भी तैयार की गई, जिसके तहत 25 तारीख को धाकड़ समाज भवन में अगली आमसभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया। समाज के पदाधिकारीगण और सैकड़ों गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने समाज में एकता, विकास और युवा जागरूकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल दिया।

बैठक में संभाग अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़, उपाध्यक्ष जोगेश्वर धाकड़, नव नियुक्त क्षेत्र सचिव जगत सिंह धाकड़, कमलेश धाकड़, सुरेंद्र सिंह धाकड़, नारायण धाकड़, घनश्याम धाकड़, जयकुमार धाकड़ भानपुरा क्षेत्र अध्यक्ष, दयानिधि धाकड़, थबीर सिंह धाकड़, रूप साय धाकड़, नरेंद्र सिंह धाकड़, नरसिंह धाकड़, दयाराम धाकड़, तारा सिंह धाकड़, बलिराम, जगमन, शांति, गजमानी, फूलों, नीलेंद्री, पार्वती, रमनी सहित बड़ी संख्या में धाकड़ परिवारों ने भाग लेकर समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाया। यह बैठक धाकड़ समाज की संगठनात्मक मजबूती और समरसता को नई दिशा देने की ओर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### युक्तियुक्तकरण के खिलाफ साझा मंच का बिगुल

# 5 सितंबर को राज्यव्यापी प्रदर्शन का ऐलान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के नाम पर राज्य सरकार द्वारा शिक्षकीय पदों में भारी कटौती को लेकर राज्यभर के शिक्षकों में आक्रोश है। शिक्षक साझा मंच के अनुसार सरकार ने सेटअप से छेड़छाड़ कर 46,000 से अधिक

■ संगठन ने 8 सूत्रीय मांगों के साथ चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की

पदों की कटौती की है, जिससे न केवल शिक्षकों का भविष्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि शिक्षा की गुणवत्ता भी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है।

साझा मंच के जिला संचालक संतोष मिश्र एवं प्रांतीय पदाधिकारी शैलेश सिंह, कुलदीप सिंह चौहान, पलकेश सोनी, दिनेश गवेल, अंकित गुप्ता, दीपमाला, वेदिका नाग, मधु ऊके, नीतू नीरज पाररधी, नितिन विश्वकर्मा, और तिरपरेश चापड़ी ने इस मुद्दे को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आंदोलन की घोषणा की है।

#### पोटाकेबिन और कस्तूरबा विद्यालयों में अव्यवस्था

दंतेवाड़ा समेत पूरे बस्तर संभाग के जिलों में पोटा केबिन और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में सैकड़ों बच्चों का नामांकन तो है, लेकिन इन संस्थानों में शिक्षक पदस्थ नहीं किए गए हैं। विभाग का तर्क है कि यहां सेटअप नहीं है, जबकि अंदरूनी क्षेत्र के गरीब बच्चों की शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर, शिक्षकों को युक्तियुक्तकरण के नाम पर एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक और जिलों में 'फुटबॉल' की तरह इधर-उधर किया जा रहा है। संगठन का कहना है कि जब सरकार शिक्षा व्यवस्था को निजी स्कूलों की तरह उत्कृष्ट बनाना चाहती है तो फिर 1 से 5 तक की कक्षाओं के लिए मात्र दो शिक्षकों की व्यवस्था क्यों की जा रही है? कम से कम 3 से 4 शिक्षकों की अनिवार्यता होनी चाहिए। कमजोर नींव पर मजबूत इमारत कैसे बनेगी।

#### शिक्षकों की गैर शैक्षणिक कार्यों को लेकर उलझन

साझा मंच ने यह भी आरोप लगाया कि शिक्षकों को शिक्षा के बजाय चुनाव, जनगणना और अन्य विभागीय कार्यों में उलझा कर रखा जाता है। वर्तमान व्यवस्थाओं में प्राथमिकता में शिक्षा को नहीं रखने के कारण शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। साझा मंच ने युक्तियुक्तकरण में हो रही अनियमितताओं के खिलाफ 8 सूत्रीय चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। 16 जून से 30 जून तक काली पट्टी लगाकर विरोध। 16 जून से 20 जून तक पालकों से संपर्क कर समर्थन जुटाना। शिक्षक स्वयं डीपीआई व शिक्षा सचिव को आवेदन सौंपेंगे। 20 जून को मुख्य न्यायाधीश को आवेदन भेजा जाएगा। 30 जून को प्रधानमंत्री को मांग पत्र भेजा जाएगा। डीपीआई और शिक्षा सचिव को ज्ञापन सौंपा जाएगा। 1 जुलाई को 146 ब्लॉकों में शाला बहिष्कार और धरना प्रदर्शन। 5 सितंबर शिक्षक दिवस पर राज्य स्तरीय विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार जल्द इस मुद्दे पर संज्ञान नहीं लेती और कटौती को वापस नहीं लेती, तो यह आंदोलन और उग्र होगा।

# 3 कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

विहंगम योग संत समाज के तत्वावधान में सद्गुरु कबीर प्रकट दिवस महोत्सव का आयोजन गीदम सत्संग हॉल में बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। इस दौरान तीन कुंडीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन हुआ। सैकड़ों भक्तों ने यज्ञ में भाग लेते हुए क्षेत्र की शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक जागरण हेतु आहुतियाँ दीं। यज्ञ के पश्चात प्रेरणादायक सत्संग कार्यक्रम आयोजित हुआ। सत्संग के दौरान समलू राम लेकाम द्वारा चादर हो गई बहुत पुरानी, अब सोच समझ अभिमानी जैसे भावपूर्ण भजन की प्रस्तुति ने सभी उपस्थित भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। इसी अवसर पर एल पी गुप्ता का जन्मोत्सव भी मनाया गया। गौरतलब हैं कि वे पिछले 30 वर्षों से गीदम नगर में सद्गुरु सेवा कार्य में लगे हुए हैं। इस दौरान उन्होंने सभी गुरु भाइयों का आशीर्वाद लिया एवं भंडारे का आयोजन किया। इस पावन अवसर पर संयोजक मनीराम, सुखराम नाग, मातृशक्ति शांति नाग, मूंड़े तामो, कुमारी बसंती लेकाम, निर्मला ठाकुर, सुशीला गुप्ता, रोशन, दिलीप रामचंद्र मरकाम, लक्ष्मी तेलम, मंगल भास्कर, विष्णु भास्कर, सुरेश ठाकुर के साथ-साथ जिले के सभी पदाधिकारी, संयोजक, युवा प्रचारक एवं मातृशक्ति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित गुरु भाई-बहनों ने महाप्रसाद ग्रहण किया और अपने घरों की ओर प्रस्थान किया।

# एबीईओ ने किया शालाओं का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड

ग्रीष्मकालीन अवकाश समाप्ति के पश्चात शाला खुलने के प्रथम दिवस में ही सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार तिवारी द्वारा विभिन्न शालाओ में औचक दबिश दी गई।

सर्वप्रथम बोडनपाल 1 के प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला बोडनपाल पहुंचकर शाला का अवलोकन किया। उपस्थित बच्चों को एकत्र कर प्रार्थना करवाया। यहां केवल माध्यमिक शाला में प्रधान अध्यापक व एक शिक्षक ही उपस्थित पाए गए।

मनीराम कोरतू व गजेंद्र पांडेय अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक शाला पल्लीचकवा में प्यासी बघेल व माध्यमिक पल्लीचकवा में मालती कच्छ, लेखन राम कश्यप व धनसिंग बघेल शाला समय पर अनुपस्थित पाए गए। प्राथमिक शाला जरईगुड़ा बड़ेचकवा पहुंचने 2 शिक्षकों में प्रधान अध्यापक कलेश मंडावी अनुपस्थित पाए गए। इसके बाद संकुल बड़ेचकवा के डेंगगुड़ा बड़ेचकवा, प्राथमिक शाला पराली, माध्यमिक शाला पराली का भी अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। यहां उपस्थित छात्रों से रूबरू होकर चर्चा की गई। सामान्य ज्ञान की जानकारी भी दी गई। पुस्तक गणवेश वितरण की जानकारी अधिकारी द्वारा ली गई।

अपने अगले क्रम में हायरसेकंडरी बड़ेचकवा में भी सेजेस शाला का अवलोकन अधिकारी द्वारा किया गया। यहां भी गोविंद राम कैंतुरा व श्रीमती झा सोनी श्याम पहले ही दिन अवकाश पर पाई गई, जिस पर अधिकारी द्वारा नाराजगी जाहिर की। प्राचार्य को स्थिति सुधारने निर्देश दिए गए। फिर प्राथमिक शाला बड़ेचकवा व माध्यमिक बड़ेचकवा का भी निरीक्षण किया गया।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
प. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय
नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
(शासन के नियम अनुसार स्कॉलरशिप की सुविधा)
भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
ग्राम-दानीटोला, पोस्ट-भैसबोड़
तहसील-डौंडी, जिला-बालोद (छ.ग.)
8349196676, 9300752200

## खबर संक्षेप



### रतन ज्योत झाड़ियों से राहगीर परेशान

**दुर्गूकोंदल।** हाटकोंदल से कच्चे सड़क मार्ग की दोनों ओर रतन ज्योत की बड़ी-बड़ी झाड़ियां राहगिरों के लिए परेशानी साबीत हो रही हैं । स्थानीय लोगों और वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा बन गई हैं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थानीय प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। सड़क सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार छोटी-मोटी दुर्घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह मार्ग ग्रामीणों के दैनिक आवागमन का प्रमुख साधन है।

### सड़क पर खड़े ट्रक को मारी टक्कर, चालक हुआ घायल

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत सड़क किनारे खड़ी किए वाहन को ट्रक चालक ने अपनी वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुराना बाजार पखांजुर निवासी गोपीनाथ दर्जी ने पुलिस को बताया कि 12 जून को वाहन क्रमांक सीजी 08 एएक्स 1188 का चालक ट्रक को मेन रोड पर सड़क किनारे पार्किंग लाइट चालू का गाड़ी को चेक कर रहा था। उसी समय भानुप्रतापपुर कि ओर से आ रही आरोपी ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 19 बीपी 4914 का चालक अपने वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए ट्रक को पीछे से टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे गोविंद मंडल के पैर में चोट आया है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया।

### गर्भवती महिला को अतिशेष मानकर 46 किलोमीटर दूर भेजा गया

**जगदलपुर।** प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री गजेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि गर्भवती शिक्षिका प्राथमिक शाला मांझीगुडा विकासखंड जगदलपुर में 1 प्रधान अध्यापक तथा 2 सहायक शिक्षक(एल बी) कार्यरत हैं। तथा स्कूल की दर्ज संख्या 52 है। युक्तियुक्तकरण नियमानुसार 60 की दर्ज संख्या पर दो ही शिक्षक कार्यरत रहेंगे अर्थात इस स्कूल से 1 शिक्षक अतिशेष होगा । शिक्षक अतिशेष का निर्धारण करते समय अधिकारी डेढ़ वर्षो से जगदलपुर जेल (कारावास) में परिरूढ़ शिक्षक को अतिशेष से मुक्त करते हुए 7 माह से गर्भवती शिक्षिका को अतिशेष बताकर, जगदलपुर से 46 किलोमीटर दूर प्राथमिक शाला बागबाहर रोतमा विकासखंड बस्तर में पदांकन कर दिया गया। यहां उल्लेखनीय है कि जिस जेल में बंद शिक्षक जेल से छूटने के बाद इसी शाला में यथावत नहीं रह सकता तो शिक्षिका अतिशेष की श्रेणी में कैसे आएगी। यहां व्यावहारिक रूप से भी अधिकारियों को इस पर विचार करना चाहिए था। गजेंद्र श्रीवास्तव ने कलेक्टर से मांग की है कि ऐसे प्रकरण पर तत्काल निर्णय लेकर शिक्षिका का युक्तियुक्तकरण आदेश निरस्त करें।

**प्रवेशोत्सव : जिपं अध्यक्ष किरण नरेटी ने बच्चों का किया फूलों से स्वागत**

# शाला प्रवेश उत्सव मनाया, स्कूल की गुणवत्ता को देख पड़ोसी गांव से बच्चे ले रहे दाखिला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| धनेलीकन्हार

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला केवटीन टोला में शाला प्रवेश उत्सव का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण नरेटी के आतिथ्य में 32 बच्चों को फूलों की माला, तिलक वंदन, पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरण किया गया।

मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण अंचल में भी विद्यार्थियों की सर्वांगीण विकास के लिए पीएम श्री स्कूलकी स्थापना की गई है। इस स्कूल के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ शुद्ध पेयजल ग्रीन एनर्जी योग एवं विभिन्न कला कौशलों मैं दक्ष किया जाना है। पीएम श्री केवटीनटोला में पदस्थ शिक्षकों की प्रशंसा करते हुए कहा कि 10 वर्षों से यहां के एक भी बच्चा प्राइवेट स्कूल में नहीं जा रहा है, इसका मतलब स्कूल में बहुत अच्छा काम हो रहा है। पालक विश्वास कर बच्चों को अपने ही गांव की सरकारी स्कूल में पढ़ने भेज रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी केआर सिन्हा ने पालको से कहा कि बच्चों को नियमित स्कूल भेजें तथा उत्कृष्ट शिक्षण क्रियाकलापों की प्लानिंग करें। हम शाला की दर्ज संख्या अनुरूप शिक्षकों की पदास्थापना करेंगे। पडोसी ग्राम अंडी से भी विद्यार्थी पीएम श्री स्कूल में प्रवेश ले रहे हैं।

इस दौरान जनपद सदस्य उमेश साहू , सरपंच सरिता भुआर्य, अमर सिंह बढ़ई , परमानंद कावडे, सोहागा नायक, मकसूदन खड़हा, आत्मा राम नाग संकुल प्राचार्य, उपेश्वर ठाकुर, किशोर सिन्हा, चंद्रिका प्रसाद साहू, महेश्वर सिन्हा, दानेश्वर साहू, उदय मरकाम, भुनेश्वर पोटाई, पुनीत चालकी सहित बड़ी संख्या में पालक गण उपस्थित रहे।

### नया स्कूल सत्र के पहले दिन बच्चों का मुंह मिठा कराकर किया स्वागत



**भानुप्रतापपुर।** सरस्वती शिशु मंदिर में नया शिक्षा सत्र के पहले दिन स्कूली बच्चों का तिलक वंदन के साथ मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुमंत सिन्हा ने नया स्कूल सत्र शुरू होने पर बच्चों से कहा अपने-अपने लक्ष्य तय कर ले। पिछले सत्र में जो भी हुआ उस पर ना जाए। नए सत्र की शुरुआत में, मैं चाहता हूँ अपने लक्ष्यों को निर्धारित करो। अच्छे ग्रेड प्राप्त करना चाहते हो तो किसी विशेष विषय में उत्कृष्टता प्राप्त करना चाहते हो या कोई नए कौशल को सीखना चाहते। अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से परिभाषित करो और उन्हें प्राप्त करने के लिए एक योजना बनाओ और उसे पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी और नियमित रूप से अध्ययन करना होगा। प्राचार्य थानुराम सिन्हा ने कहा स्कूल को और बेहतर शिक्षा देने, बच्चों की सर्वांगीण विकास के लिए सभी मिलकर काम करेंगे। शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष नरेश जैन, सचिव सोमदेव नायक, कोषाध्यक्ष मनसुखलाल मिश्रा, आचार्य अजय मंडावी व अन्य उपस्थित रहें।

# वन भूमि अतिक्रमण पर विभाग की बड़ी कार्रवाई डोजर मशीन की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर



शासकीय भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से पेड़ों की कटाई करते पाए जाने पर वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्यवाही करते हुए बांदे निवासी पंकज परमाणिक के डोजर मशीन को जप्त कर लिया है।

पटवारी ने बताया ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि पंकज परमाणिक के द्वारा कुल 11 पेड़ों की कटाई की गई और सार्वजनिक तालाब को पाटकर खेत में तब्दील कर लिया गया है। नायब तहसीलदार बांदे भरत लाल ब्रम्हे ने बताया कि पटवारी ने स्थल पर पहुँच कर मुआयना किया और बताया कि शासकीय राजस्व एवं वन विभाग की जमीन पर अतिक्रमण हुआ है। जांच के लिए टीम गई हुई है, सत्यता सामने आने के बाद उच्च अधिकारी को जाँच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। डिप्टी रेंजर रमेश धनकर ने बताया कि वन विभाग की जमीन पर मशीनों का उपयोग कर पेड़ो की कटाई कर अतिक्रमण करते पाए जाने पर पंकज परामाणिक के डोजर मशीन को जप्त किया गया है। आगे की कार्रवाई चल रही रही है।

### बुजुर्ग ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत 63 वर्षीय हरपाल सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कन्हारगांव निवासी सुखविंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि मृतक ने 15 जून को अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

# विकास खंड के 363 स्कूलों में प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा



कोंटा विकासखंड के 363 संपूर्ण शाला में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रमों का आयोजन आज से प्रारंभ हो गया है। कोण्टा के संकुल केन्द्र कोण्टा अंतर्गत वार्ड क्र. 6 में संचालित शासकीय कन्या माध्यमिक शाला अंग्रेजी माध्यम कोण्टा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया स्कूल एसएमसी अध्यक्ष जी आदिलक्ष्मी, वार्ड क्र.13 पार्षद पी विजय कुमार, वार्ड क्र. 6 पार्षद अम्बाती देवेंद्र, भाजपा कोण्टा मण्डल अध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी, पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष जी साई रेड्डी, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्त्ता गंगाचलम, उदय राज सिंह अमितेश सिंह सेवानिवृत प्रधान अध्यापक बी रामराजू, संकुल समन्वयक जगमोहन, ब्याख्याता दुसन लाल मार्गे, संस्था के शिक्षक सच्चावती नाग, टेकु एंकी, संजीत लकड़ा, द्वारा कक्षा छठवीं, सातवीं, आठवीं के उपस्थित विद्यार्थियों को तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ देकर छात्र छात्राओं का शाला में आज स्वागत किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित अतिथि, पालकगण ने सर्वप्रथम माता सरस्वती की पूजा व दीप प्रज्वलित कर बच्चों की शिक्षा उन्नति के लिए प्रार्थना किया। अतिथियों ने बच्चों के लिए प्रोत्साहित वचनों के साथ अपने संबोधन में बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। अतिथियों के करकमलों द्वारा सभी उपस्थित विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक, कॉपी, पेन, पेंसिल, गणवेश वितरण किया गया। इस अवसर को और भी खास बनाते हुए न्योता भोज प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत संस्था में कार्यरत शिक्षिका सच्चावती नाग द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर आज सभी को न्योता भोजन कराया गया । भोज में पूरी, आलू मटर की सब्जी, खीर, लड्डू था ।

#### एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण

शिक्षासत्र 2025-26 के प्रथम दिवस शाला प्रवेश उत्सव के अवसर में विद्यार्थियों ने जनप्रतिनीधि ,एसएमसी सदस्यो, माताओं की उपस्थित में शाला परिसर में एक पेड मां के नाम 2.0 से पौधा रोपण किया गया।

# डायरिया रोको अभियान प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा स्टॉप डायरिया कैम्पेन का आयोजन 31 जुलाई के मध्य किया जाएगा। इसी कड़ी में आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश सांडिया द्वारा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

- कांकेर में डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा अभियान
- 31 जुलाई तक जिले में घर-घर में किया जाएगा ओआरएस पैकेट का वितरण




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि 05 वर्ष तक के बच्चों में मृत्यु का एक मुख्य कारण डायरिया भी है, जिसके शीघ्र निदान एवं उपचार से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के दौरान मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं एएनएम के द्वारा घर-घर जाकर जिले के 05 वर्ष तक के कुल 85813 बच्चों के घरों में ओआरएस पैकेट का वितरण किया जाएगा तथा इसके उपयोग के संबंध में सलाह भी दी जाएगी। डायरिया प्रभावित बच्चों का चिन्हांकन कर जिंक टेबलेट एवं ओआरएस पैकेट दिया जाएगा और ओआरएस घोल बनाने एवं पीने की विधि बताई जाएगी। डायरिया से प्रभावित 02 माह से 06 माह तक के बच्चों को आधी जिंक की गोली व 06 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को पूरी जिंक की गोली 14 दिनों की खुराक देने की सलाह दी जाएगी तथा माता-पिता अथवा पालक को निर्जलीकरण के लक्षणों के बारे में बताया जाएगा। इसके अलावा स्कूलां में शिक्षकों द्वारा छात्रों को हाथ धोने की विधि भी बताई जाएगी और साथ ही ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के दौरान गर्भवती माताओं को प्रसव के एक घंटे के अंदर स्तनपान कराने की सलाह तथा अत्यंत दस्त से गंभीर बच्चों को निःशुल्क 102 एवं 108 डॉयल कर एम्बुलेंस सेवा का उपयोग कर निकट के अस्पताल में उपचार के लिए ले जाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

# मुस्लिम समाज ने कब्रिस्तान के लिए मांगी जमीन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

मुस्लिम समाज ने जनाजे को दफन करने के लिए वर्ष 1890 के पूर्व कब्रिस्तान के लिए 5 एकड़ भूमि शासन द्वारा आबंटित की गई थी उक्त कब्रिस्तान में लंबी अवधि से जनाजे को दफनाने का काम किया जा रहा हैं। वर्तमान में कब्रिस्तान पूरी तरह भर गया हैं एवं संपूर्ण स्थल का उपयोग किया जा चुका हैं। वह कब्रिस्तान शहर के मध्य में स्थित हैं वर्तमान में कोई भी वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्तमान में समाज के सम्मुख जनाजे को दफनाने की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई हैं। मुस्लिम समाज इस कठिन परिस्थिति से गुजर रहा हैं। भूमि आबंटन हेतु पूर्व मे भी मुस्लिम समाज की ओर से अनुरोध किया गया हैं।

मुस्लिम समाज की ओर से अंजुमन इस्लामिया एडहॉक कमेटी के सदर तथा कार्यकारी अध्यक्ष डॉ एस. जहीरूददीन के नेतृत्व में कलेक्टर को कब्रिस्तान हेतु भूमि आबंटित किये जाने ज्ञापन सौपा गया।

# दरभा ब्लॉक में बच्चों का तिलक और माला पहनाकर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिले में सोमवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 का शुभारंभ उत्साह और हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिले के शालाओं में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों का पारंपरिक रूप से तिलक फूल-माला पहनाकर एवं सरस्वती वंदना के साथ स्वागत किया गया।



जिला शिक्षा अधिकारी बी.आर.बघेल ने बताया कि शिक्षा विभाग के द्वारा प्रवेश उत्सव की तैयारी पूर्व में ही कर ली गई थी जिसमें शालाओं की साफ-सफाई, बच्चों को गणवेश व किताबों का वितरण पहले ही किया जा चुका है । जिसका उद्देश्य सत्र के पहले दिन से ही शिक्षण कार्य कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके । उन्होंने कहा कि प्रवेश उत्सव का उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न करना एवं उन्हें विद्यालय से जोड़ना है। जिले की सभी शालाओं में यह उत्सव एक पर्व की तरह मनाया गया। इस मौके पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी दरभा जगदीश पात्र, जनपद सदस्य, सरपंच के अलावा शिक्षक और ग्रामीण उपस्थित थे। इसी प्रकार का आयोजन राजूर ग्राम के विद्यालय में भी किया गया ।

# नीट में कट-ऑफ क्लीयर करने वाले 43 बच्चे हैं जिले की शान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा



नीट के परीक्षा परिणाम में सुकमा जिले के 58 बच्चों में 43 बच्चों के कट-ऑफ क्लीयर करने पर छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की सदस्य अधिवक्ता दीपिका शोरी ने बधाई देते हुए कहा कि अब सुकमा बदल रहा है । विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा संचालित कोचिंग सेंटर के 58 विद्यार्थियों में से 43 छात्रों ने कट-ऑफ क्लियर की है। एनईईटी परीक्षा पास करने का मतलब है कि भारत में एमबीबीएस, बीडीएस जैसे कोर्सेज में एडमिशन पाने का मौका मिलता है। इसके अलावा आयुर्वेद ,होम्योपैथी, यूनानी और अन्य स्वास्थ्य पाठ्यक्रमों में भी प्रवेश ले सकते हैं। वो सभी बच्चे अपने साथ साथ पूरे समाज का निर्माण करने में अपनी अग्रणी भूमिका निभाएंगे। दीपिका शोरी ने जिले में संचालित इस व्यवस्था हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव और सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन का आभार जताया है जिनके नेतृत्व में संचालित इस मॉडल कोचिंग व्यवस्था का ही प्रतिफल है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री संवेदनशील हैं वो लगातार हर वर्ग के उत्थान हेतु कार्य कर रहे हैं जिसके कारण आज हमारे बच्चे इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं ।

### सातों विख में शिविरों का आयोजन आज से

**जगदलपुर।** भारत सरकार द्वारा जिले में आदिवासी समुदायों को सशक्त बनाने के लिए धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित है। इसके तहत 30 जून तक बस्तर जिले के चयनित ग्रामों में धरती आबा-जागरूकता और लाभ संतृप्ति शिविर नामक एक केंद्रीत अभियान किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य अंतिम स्तर पर व्यक्तिगत अधिकारों को प्राप्त कराना एवं धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# जिले के 60 गांवों के लिए आज से 30 जून तक धरती आबा शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत राष्ट्रव्यापी जागरूकता सह लाभ संतृप्ति अभियान के तहत राज्य, जिला, विकासखण्ड एवं ग्राम क्लस्टर स्तरीय आईईसी कैम्पेन आयोजित किया जा रहा है। निर्धारित तिथि अनुसार जिले के 60 क्लस्टरों में 17 से 30 जून तक शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने उक्त आयोजन की तैयारी के लिए जिला स्तर के अधिकारियों को निर्देशित किया है और साथ ही जनजातीय समुदायों को पात्रतानुसार शासकीय योजनाओं का त्वरित लाभ दिलाने कहा है। विकासखण्ड कांकेर में आज 17 जून मंगलवार को ग्राम पंचायत माकड़ीखूना, चारामा के तुएगहन, नरहरपुर के थानाबोड़ी, दुर्गुकोंदल के परभेली और साधुमिचगांव, अंतागढ़ के भैंसासुर तथा कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत आकमेटा में शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी तरह 18 जून को विकासखण्ड दुर्गुकोंदल के क्लस्टर चिखली और पेड़ावारी में, चारामा के मैनखेड़ा, नरहरपुर के अमोड़ा, भानुप्रतापपुर के कुल्हाड़कट्टा, अंतागढ़ के मण्डागांव तथा कोयलीबेड़ा में शिविर लगाया जाएगा। 19 जून को चारामा के मरकाटोला, नरहरपुर के भनसुली, भानुप्रतापपुर के मुंगवाल, दुर्गुकोंदल एवं तरहुल, अंतागढ़ के पोड़गांव एवं कोयलीबेड़ा के बांदे में। इसी तरह 20 जून को विकासखण्ड कांकेर के किरगोली, चारामा के कोटतरा, नरहरपुर के अभनपुर, भानुप्रतापपुर के डोंगरगांव, दुर्गुकोंदल के गांडपाल व कोदापाखा, अंतागढ़ के कलपरस तथा कोयलीबेड़ा के मंडागांव में शिविर आयोजन किया जाएगा। अभियान अंतर्गत 23 जून को कांकेर के तेलावट, चारामा के गोटीटोला, नरहरपुर के बुदेली, भानुप्रतापपुर के कराठी, दुर्गुकोंदल के भीरावाही, कोयलीबेड़ा के ईरपानार में, 24 जून को कांकेर के कापसी, चारामा के खैरखेड़ा, नरहरपुर के सारवंडी, भानुप्रतापपुर के फरसकोट, दुर्गुकोंदल के कोड़ेकुर्से, अंतागढ़ के मंगता और कोयलीबेड़ा के भिंगीडार में, 25 जून को कांकेर के इच्छापुर, चारामा के खरथा, नरहरपुर के मावलीपारा, भानुप्रतापपुर के तरांदुल, दुर्गूकांदल के बरहेली, अंतागढ़ के आमाबेड़ा तथा कोयलीबेड़ा के उदनपुर में संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा। 26 जून को विकासखण्ड चारामा के पलेवा, नरहरपुर के लेंडारा, भानुप्रतापपुर के साल्हे, अंतागढ़ के आलानार, कोयलीबेड़ा के छोटेकापसी में। 27 जून को कांकेर के मोहपुर, चारामा के रानीडोंगरी, भानुप्रतापपुर के कनेचुर, कोयलीबेड़ा के उदयपुर और 30 जून को चारामा विकासखण्ड के ढ़ेड़कोहका और कोयलीबेड़ा के क्लस्टर गोंडाहूर में शिविर आयोजित की जाएगी।

- जिले के विभिन्न विकासखंडों में चलेंगे राज्यस्तरीय आईईसी अभियान के शिविर

